आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 15.05.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- सरकार ने अग्रिम प्राधिकार योजना के अंतर्गत शुल्क मुक्त सोने के आयात की सीमा एक सौ किलोग्राम तय की।
- प्रदेश में मकानों के सूचीकरण और आवास जनगणना का कार्य तेजी से जारी। अभी तक 70 प्रतिशत कार्य पूरा। 19 लाख घरों तक पहुंची टीम।
- पेट्रोल—डीजल की बचत और ऊर्जा संरक्षण को लेकर राज्य के सरकारी विभाग सक्रिय। मसूरी—देहरादून विकास प्राधिकरण ने भी शुरू की 'तेल बचाओ मुहिम', साझा वाहन और ऊर्जा संरक्षण पर जोर।
- चमोली जिले में रुद्रनाथ यात्रा का शुभारंभ। शीतकालीन गद्दी स्थल गोपीनाथ मंदिर में चल विग्रह उत्सव डोली को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखा गया। 18 मई को खुलेंगे रुद्रनाथ मंदिर के कपाट।

आयात सीमा

कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाने के बाद केंद्र सरकार ने अब अग्रिम प्राधिकार योजना के अंतर्गत सोने के आयात पर एक सौ किलोग्राम की सीमा तय कर दी है। पहले इस योजना के तहत सोने के आयात की कोई सीमा नहीं थी।

जनगण्ना कार्य

प्रदेश में मकानों के सूचीकरण और आवास जगणना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अभी तक यह कार्य 70 प्रतिशत तक पूरा हो गया है। इस कार्य के लिए 24 मई तक समय सीमा निर्धारित की गई है। जनगणना कार्य में लगी टीमों ने अभी तक 19 लाख घरों में डेटा संग्रहित किया है। इस लिहाज से 86 लाख की आबादी को कवर किया गया है। भारत के महा रजिस्ट्रार व जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने देहरादून में प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु के साथ प्रदेश में जनगणना कार्य की समीक्षा की। उन्होंने वर्चुअल बैठक कर जिलाधिकारियों और नगर आयुक्तों से फीडबैक लिया। श्री नारायण ने कहा कि जनगणना के कार्य में आंकड़ों की गुणवत्ता की सबसे ज्यादा अहमियत है, क्योंकि इसी पर परिसीमन से लेकर जनकल्याणकारी योजनाओं का आधार टिका हुआ है। उन्होंने सभी से आंकड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए डेटा की जांच पर विशेष ध्यान दिए जाने की अपील की। साथ ही उम्मीद जताई कि उत्तराखंड जनगणना कार्य में शेष बचे एक तिहाई कार्य को भी समयबद्ध ढंग से पूरा कर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में किया गया अच्छा काम ही दूसरे चरण की सफलता का मजबूत आधार साबित होगा। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु ने कहा कि जनगणना का कार्य राष्ट्रीय अभियान है, जिसका देश की प्रगति और विकास से गहरा नाता है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए पूरा करना है।

## आधुनिक एम्बुलेंस

पिथौरागढ़ जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में नैनीताल बैंक की ओर से कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी गतिविधियों के तहत स्वास्थ्य विभाग को एक आधुनिक एम्बुलेंस प्रदान की गई। इस अवसर पर राजकीय नर्सिंग संस्थान, पिथौरागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने कहा कि जिले के दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने इस जनहितकारी पहल के लिए बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निजी संस्थाओं द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्य प्रेरणादायी और सराहनीय हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी संस्थाओं और निजी संगठनों के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। विशेष रूप से सीमांत और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इस प्रकार की सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा।

## तेल बचत

पेट्रोल—डीजल की बचत और ऊर्जा संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आह्वान के बाद प्रदेश में भी सरकारी विभाग सक्रिय होते दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में मसूरी—देहरादून विकास प्राधिकरण—एमडीडीए ने भी तत्काल प्रभाव से ऊर्जा संरक्षण और तेल बचत को लेकर कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों तेल बचत और ऊर्जा संरक्षण पर विशेष कार्ययोजना लागू की है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों—कर्मचारियों से कार्यालय आने—जाने के दौरान साझा वाहन अपनाने का रोस्टर जारी किया गया है, ताकि अनावश्यक ईंधन खपत को कम किया जा सके। इसके अलावा कार्यालय के आसपास रहने वाले कर्मचारियों को साइकिल से या पैदल कार्यालय आने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। एमडीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि इससे न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण को लेकर भी कई महत्वपूर्ण आंतरिक दिशा—निर्देश लागू किए हैं, जिनका उद्देश्य बिजली और ईंधन दोनों की बचत करना है।

## रुद्रनाथ मंदिर

चमोली जिले में स्थित रुद्रनाथ मंदिर के कपाट 18 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। इस बीच, भगवान रुद्रनाथ की यात्रा का आज शीत कालीन गद्दी स्थल गोपीनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद शुभारंभ हो गया है। रुद्रनाथ के मुख्य पुजारी हरीश भट्ट ने बताया कि सुबह पूजा–अर्चना के बाद गोपीनाथ मंदिर के गर्भ गृह से भगवान रुद्रनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली को श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए मंदिर परिसर में रखा गया। उन्होंने बताया कि आज और कल उत्सव डोली श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए मंदिर परिसर में ही रहेगी। 17 मई को डोली रुद्रनाथ के लिए प्रस्थान करेगी और 18 मई को रुद्रनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम निरीक्षण

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशों के क्रम में कोटद्वार के उपजिलाधिकारी ने आज शशिधर भट्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों, साफ–सफाई व्यवस्था और खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायज़ा लिया गया। इस दौरान परिसर स्वच्छ और व्यवस्थित पाया गया तथा शौचालयों की स्थिति भी संतोषजनक मिली। साथ ही निर्माण कार्य भी तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्टेडियम में चल रहे सभी निर्माण और मरम्मत कार्यों को इस माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। उपजिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

## कुंभ मेला तैयारियां

हरिद्वार में आगामी कुम्भ मेला को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से मेला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। इसी क्रम में मेलाधिकारी सोनिका ने विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सड़क और पुल निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के साथ ही सड़क निर्माण कार्यों की मौके पर गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की भी जांच कराई।